Sr.No.3006

Exam Code: 103202
Subject Code : 1018

B.A/B.Sc - 2nd Semester

(2721)

Paper: Hindi (Elective) (Gadh Sahitya: Sidhantiki, Vyakaran Tatha Patarkarita)

Time allowed: 2 hrs. **Max. Marks: 100**

नोटः कोई चार प्रश्नों के उतर दीजिए। सभी प्रश्नों के समान अंक हैं।

सैक्शन–ए

1. निम्नलिखित गद्यांशों की सप्रसंग व्याख्या करें।

   क) पशु! तो तुम मुझे पशु समझती हो? तुम मनुष्य की प्राकृतिक भावनाओं को बांधकर रखना चाहती हो कठिन सिद्धांतों की बेड़ियों में, ताकि उसकी रूह भी मर जाए। मुझे यह सब पसंद नहीं और इसलिए तुम मुझसे घुणा करती हो। तुम्हारी इस विषाक्त हंसी में, मैं जानता हूँ, कितनी घृणा छिपी है और मुझे डर है कि किसी दिन मैं सचमुख पशु न बन जाऊँ।

   ख) किसी बात का टोटा होने पर उसे पूरा करने की इच्छा होती है, दुःख होने पर उसे मिटाना चाहते हैं। यह स्वभाव है। अपनी–अपनी समझ है। संसार में त्रिबिधि दुःख दिखाई पड़ने लगे। उन्हें मिटाने के लिए उपाय भी किए जाने लगे। 'दुष्ट' उपाय हुए। उनसे संतोष न हुआ तो सुने–सुनाये (आनुश्रविक) उपाय किये। उनसे भी मन न भरा। सांख्यो ने काठ–कड़ी गिन–गिन कर उपाय निकाला, बुद्ध ने योग में पक कर उपाय खोजा।

2. निम्नलिखित गद्यांशों की सप्रसंग व्याख्या करें।

   क) श्रावण–मास की संध्या भी कैसी मनोहारिणी होती है। मेघ–माला–विभूषि गगन की छाया सघन रसाल–कानन में पड़ रही है। अँधियारी धीरे–धीरे अपना अधिकार पूर्व–गगन में जमाती हुई, सुशासनकारिणी महाराणा के समान, विहंग प्रजागण को सुख–निकेतन में शयन करने की आज्ञा दे रही।

Contd....P/2

ख) हमें भी कैद समझो, बेटी! हमारे गुनाहों ने हमें चारों तरफ से घेर रखा है। जमीर की जंजीरों ने हमारे हाथ–पैर बांध लिये हैं। हम अब इस दुनिया को आंख उठाकर भी नहीं देख सकते। जिस सल्तनत की खून से सींच–सींचकर हमने इतना बड़ा किया है, उसे अगर अब आंसुओं से भी सींचना चाहें तो हमें एक पूरी जिन्दगी चाहिए। वह हमारे पास कहां है।

सैक्शन–बी

नोट :– निम्नलिखित प्रश्नों को विस्तारपूर्वक उत्तर दें।

3. मुंशी प्रेमचन्द का साहित्यिक परिचय लिखें।

4. 'ग्राम' कहानी का उद्देश्य स्पष्ट करें।

सैक्शन–सी

नोटः–निम्नलिखित प्रश्नों के विस्तारपूर्वक उत्तर दें।

5. 'एकांकी' के तत्वों का उल्लेख करें।

6. निम्नलिखित अंशों के निर्देशानुसार उत्तर दें :–

क) विपरीतार्थक शब्द लिखें :–

i) आग्रह　　ii) अनुरक्त　　iii) गहरा

iv) खल　　v) प्राकृतिक

ख) निम्नलिखित शब्दों का उपसर्ग रूप में प्रयोग करते हुए तीन–तीन शब्द बनाएं:–

i) प्र　　ii) सब　　iii) अध

iv) दर　　v) औना

ग) निम्नलिखित शब्दों के समानार्थी शब्द लिखें :–

i) कामदेव ii) कर iii) कमल

iv) ध्वजा v) तारा

घ) अनेक शब्दों के लिए एक लिखें :–

i) भविष्य की बात बताने वाला

ii) पृथवी से संबंध रखने वाला

iii) जिसने ऋण लौटा दिया हो

iv) तमों गुण वाला

v) जानने की इच्छा

सैक्शन–डी

7. निम्नलिखित शब्दों का हिन्दी में अनुवाद करें।

i) Art
ii) Body
iii) Box
ix) Daily
v) Editorial
vi) Correspondent
vii) Brochure
viii) Compositor
ix) Pix
x) Jacket
xi) Human Interest Feature
xii) Folio
xiii) Layout
xiv) Feedback
xv) Make up
xvi) Ghost writer
xvii) Innovation
xviii) Defamation
xix) Caption
xx) Edit

Contd....P/4

8. निम्नलिखित पत्रों का सैद्धान्तिक परिचय दें।

   क) बैंकिंग व्यवहार संबंधी पत्र

   ख) शिकायत संबंधी पत्र

****